कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 21.10.2026

थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा पटाखों के अवैध भंडारण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बिना लाइसेंस के अधिक मात्रा में भंडारित करीब 01 लाख रुपये मूल्य के कुल 01 कुन्तल 12 किलोग्राम विभिन्न ब्रांड के पटाखे बरामद कर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी का विवरण:- पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराध रोकथाम एवं अवैध विस्फोटक पदार्थों के भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी बिन्दकी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 20.10.2026 को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि मोहल्ला बम्बा ऊपर में हाइवे के किनारे दुकान के पीछे पड़ी खाली जगह में अवैध पटाखे काफी मात्रा में रखे है। सूचना पर पुलिस द्वारा मौके से अभियुक्त मो0 इरफान पुत्र मो0 जहीर उर्फ चुन्ना निवासी मोहल्ला औरंगाबाद कस्बा व थाना जहानाबाद उम्र करीब 39 वर्ष के कब्जे से 1 कुन्तल 12 किलोग्राम बोरी व गत्तो मे अवैध पटाखों के साथ गिरफ्तार किया गया,जिनकी अनुमानित कीमत करीब 01 लाख रुपये है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया कि बिना लाइसेंस के आगामी दीपावली पर्व पर बिक्री करने के उद्देश्य से बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण किया था। गिरफ्तारी एवं उपरोक्त बरामदगी के संबंध में थाना जहानाबाद पर मु0अ0सं0 191/26 धारा 288 बीएनएस व धारा 5/9 ख विस्फोटक पदार्थ अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही नियमानुसार की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

मो0 इरफान पुत्र मो0 जहीर उर्फ चुन्ना निवासी मोहल्ला औरंगाबाद कस्बा व थाना जहानाबाद उम्र करीब 39 वर्ष

बरामदगी का विवरण -

1. 01 कुन्तल 12 किलोग्राम

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1.थानाध्यक्ष श्री योगेश कुमार सिंह थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर

2. उ0नि0 बिन्धेश कुमार गिरि, 3. रि0का0 श्याम कुवंर, 4. का0 वीरू सिंह, 5. का0 चन्दन कुमार

फतेहपुर पुलिस की जागरूकता अपील-

आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत सभी पटाखा विक्रेताओं एवं आमजन से अपील है कि पटाखों का भंडारण निर्धारित लाइसेंस सीमा के अंतर्गत ही करें तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। निर्धारित सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण आग लगने अथवा विस्फोट जैसी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है, जिससे जन-धन की हानि होने की आशंका रहती है।

सोशल मीडिया सेल

जनपद फतेहपुर